नर सेवा

नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

## तिमाही वृत्तांत

**अप्रैल-जून 2023**

परिवार मिलन













# अंक विशेष

## संपादक की कलम से:

"हर हर महादेव", "जय बद्री विशाल" और "जय गंगे" के पावन उद्घोष से हमारे चारधाम चिकित्सालयों के आसपास का माहौल गुंजायमान हो उठा और साथ ही पुनः प्रारम्भ हुआ सोसाइटी द्वारा तीर्थयात्रियों की सेवा शुश्रूषा एक और अध्याय।

इस तिमाही में सोसाइटी ने डिजिटल सेवा में कदम बढ़ाते हुए तीर्थयात्रियों के लिए "चार धाम साथी" नामक एक मोबाइल ऐप लॉन्च किया जिसका उद्देश्य चारधाम की यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाना है। ऐप का उद्घाटन 27 अप्रैल 2023 को उत्तराखण्ड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) श्री गुरमीत सिंह द्वारा किया गया। यह ऐप चारधाम यात्रियों को सोसाइटी के सभी चिकित्सालयों, आपातकालीन संसाधन तथा चारधाम यात्रा के लिए तैयारियों के बारे में आवश्यक जानकारी, एक-क्लिक में उपलब्ध कराता है।

सोसाइटी की एक अन्य उपलब्धि रही जिसमें सोसाइटी द्वारा संचालित डॉ. नित्यानंद चिकित्सालय, मनेरी, को उत्तरकाशी शहर में एक बड़े परिसर में स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही एक गुणवत्तापूर्ण धर्मार्थ चिकित्सालय की मांग पूरी हो गई। श्री महर्षि भृगु चैरिटेबल चिकित्सालय के नाम वाले इस चिकित्सालय में गरीबों, वंचितों और संत समुदाय को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ नियमित रूप से प्राप्त होगीं। आगे यह सूचित करते हुए भी हर्ष हो रहा है की इस चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड सुविधा भी शुरू हो चुकी है।

सोसाइटी ने इस तिमाही में हरिद्वार में "वार्षिक परिवार मिलन" कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य सोसाइटी परिवार के सदस्यों के बीच जुड़ाव और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देना था। सामान्यत: परिवार के सदस्य दूरियों व अन्य व्यस्तताओं आदि के कारण एक-दूसरे से नहीं मिल पाते हैं और ऐसे आयोजन इसी कमी को दूर करते हैं। अन्य समारोहों में हिंदू साम्राज्य दिवस, अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और नारायणकोटी चिकित्सालय स्थापना दिवस आदि रहे। ये सभी कार्यक्रम भी पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाये गए।

विशिष्ट अतिथियों का आगमन इस तिमाही का एक और मुख्य आकर्षण रहा, प्रमुखता से इनमें उत्तराखण्ड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी, उत्तराखण्ड के स्वास्थ्य मंत्री श्री धन सिंह रावत जी एवं कई अन्य विशिष्ट गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। आने वाले सभी आगंतुकों ने हमारी सोसाइटी द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं की हृदय से प्रशंसा की।

धर्मावाला चिकित्सालय में होम्योपैथिक ओपीडी की पुनः शुरुआत के साथ साथ, उत्तरकाशी चिकित्सालय में फिजियोथेरेपी और नेत्र विभाग की शुरुआत अन्य उल्लेखनीय घटनाएँ रहीं। धर्मावाला में दो अति विशिष्ट मेगा शिविर शामिल थे, इसमें पहला यूपीएएसआई (ASI के बैनर तले) द्वारा आयोजित सामाजिक सेवा शिविर था, जिसमें देश भर से प्रख्यात सर्जनों ने सेवाएं प्रदान कीं। दूसरा शिविर स्पाइन फाउंडेशन मुंबई और HOPE संगठन, देहरादून द्वारा आयोजित किया गया, जिसमे स्पाइन के रोगियों की जटिल सर्जरी, अत्यधिक निपुण टीम द्वारा की गयी।

सोसाइटी के उत्तरकाशी और हरिद्वार चिकित्सालयों ने भी रोगियों के लाभ के लिए बहु-विशिष्ट शिविरों का आयोजन जारी रखा। सोसाइटी अपने डॉक्टरों और स्टाफ की क्षमता बढ़ाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहती है, और इसी क्रम में धर्मावाला चिकित्सालय के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक एक महीने के आर्थोस्कोपिक सर्जरी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए जा रहे हैं। इस प्रशिक्षण से हमारे हड्डी वाले रोगियों को एक उन्नत चिकित्सा तकनीक मिलेगी जो आमतौर पर केवल कुछ चुनिंदा चिकित्सालयों में ही उपलब्ध है।

इस तिमाही में पूरे भारत से बहुत सारे डॉक्टर स्वैच्छिक सेवाओं के लिए परोपकारी भाव से हमारे साथ जुड़े एवं ऊंचाईयों पर स्थित सोसाइटी के चारधाम चिकित्सालयों में उच्चकोटि की स्वास्थ्य प्रदान कर रहे हैं। सोसाइटी मानवता की सेवा के लिए सदैव अग्रणी रही है तथा अपने शुभचिंतकों से इसे जारी रखने के लिए शाश्वत आशीर्वाद और शुभकामनाएं चाहती है।

03
हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला

04-07
उल्लेखनीय गतिविधियाँ

08-12
चार धाम सेवाएँ

13
प्रवास विशेष

14
अति विशिष्ट मेगा शिविर धर्मावाला

15
सर्जरी शिविर

16-19
मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

20
सामुदायिक चिकित्सा शिविर

21
सामुदायिक कार्यक्रम

22
समारोह की झलकियाँ

23
आंकड़े

**संपादकीय और रूपांकन टोली**

डॉ ताराश्री सिंघल

डॉ दीपक सिन्हा

श्रीमती स्वाति नायर

# हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला




स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी का गठन सन् २०१२ में कुछ युवा चिकित्सकों एवं सेवाभावी लोगो के द्वारा मानव सेवा हेतु किया गया था और जिनका लक्ष्य दुर्गम, पिछड़े, पहाड़ी, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों व तीर्थस्थलों में उपेक्षित और शोषित वर्ग तथा तीर्थयात्रियों की सेवा करके मातृभूमि की वंदना करना और उन्हें चिकित्सीय सुविधा, शिक्षा और सामाजिक सुदृढ़ता प्रदान करना है I

सोसाइटी ने चार धाम में और उनके मार्गों में, चार धाम यात्रा पर वाले तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य सुविधा देने के अपने संकल्प को पूर्ण करते हुए श्री बद्रीनाथ धाम, श्री केदारनाथ धाम व गंगोत्री धाम में ICU युक्त चिकित्सालयों का संचालन कर रही है, जिनमें लैब की सुविधा, डिजिटल एक्स रे, फार्मेसी इत्यादि समस्त सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं I विदित हो की यह चिकित्सालय 24 x 7 कार्यरत हैं और इनमे कार्यरत स्टाफ high altitude sickness व उससे सम्बंधित स्वास्थ्य समस्याओं को उपचार करने के लिए प्रशिक्षित भी है I

सोसाइटी अपने धर्मार्थ चिकित्सालयों के अतिरिक्त अन्य परोपकारी कार्यों में भी योगदान कर रही है जिनमे प्रमुख है दुर्गम, पिछड़े व पहाड़ी क्षेत्रों में निःशुल्क सामुदायिक चिकित्सा शिविरों का नियमित आयोजनI इनके अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में हैं, शिक्षा अभियान, स्वावलंबन अभियान एवं सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम I सोसाइटी द्वारा पांच सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाये जा रहे है; एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण और उपचार कार्यक्रम, स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम, मासिक धर्म स्वच्छता (My Pad: Menstrual Hygiene) कार्यक्रम, सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं मुंह एवं गले के कैंसर की जागरूकता, जाँच व चिकित्सा कार्यक्रम I

सेवा पथ पर चलते हुए सोसाइटी आज कुल 12 धर्मार्थ चिकित्सालयों का संचालन कर रही है और अपने "नर सेवा नारायण सेवा" के ध्येय वाक्य को यथार्थ कर रही है I

# तिमाही विशेष

## 27 अप्रैल सोसाइटी के "चार धाम साथी ऐप" का शुभारंभ देहरादून

### महामहिम राज्यपाल द्वारा किया गया "चार धाम साथी" मोबाइल ऐप का शुभारंभ






"चार धाम साथी ऐप" सोसाइटी के सभी चिकित्सालयों, आपातकालीन संसाधनों व चारधाम यात्रा के लिए तैयारी तक एक-क्लिक में पहुंच प्रदान करता है। उपयोगकर्ता अपने निकटतम स्थानीय सोसाइटी चिकित्सालयों की जानकारी एक क्लिक पर प्राप्त कर सकते हैं। उपयोगकर्ता सोसाइटी से संबंधित विशिष्ट जानकारी, संचालित चार धाम चिकित्सालयों के अतिरिक्त हमारे अन्य चिकित्सालयों के बारे में भी जान सकते हैं। इस एप्लिकेशन को उत्तराखण्ड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट-जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह द्वारा राजभवन में सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्यों और डेवलपर्स की उपस्थिति में 23 अप्रैल को लॉन्च किया गया था। ये एक सरल और उपयोगकर्ता के अनुकूल ऐप है, जिसमे सोसाइटी के विभिन्न चिकित्सालयों के संपर्क नंबर और रूट मैप को गूगल मानचित्र सहित दर्शाया गया है।

## 4 अप्रैल "श्री महर्षि भृगु धर्मार्थ चिकित्सालय, उत्तरकाशी का उद्घाटन" उत्तरकाशी




सोसाइटी सचिव डॉ अनुज सिंघल उत्तरकाशी चिकित्सालय के उद्घाटन कार्यक्रम में आश्रम के माननीय संतों व कई अन्य प्रतिष्ठित गणों की उपस्थिति में सभा को संबोधित करते हुए।



उत्तरकाशी के डीएम श्री अभिषेक रुहेला एवं एसपी श्री अर्पण यदुवंशी ने अपना बहुमूल्य समय निकालकर चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जाना और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

सोसाइटी द्वारा श्री भृगु आश्रम प्रबंधन के अथक सहयोग से अपने मनेरी चिकित्सालय को श्री महर्षि भृगु आश्रम, उजेली, उत्तरकाशी में एक बड़े परिसर में स्थानांतरित किया गया। इस प्रकार इस क्षेत्र की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता पूरी हो रही है। उद्घाटन समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही जिनमे प्रमुख रूप से संत वेदानंद जी महाराज (अध्यक्ष - श्री विष्णु नमन भृगु सत्संग एवं मेडिकल ट्रस्ट); संत आचार्य विष्णु तीर्थ जी महाराज (वेदाचार्य - सोम आश्रम, उत्तरकाशी); श्री सुरेश चौहान जी (विधायक, उत्तरकाशी); श्री गुलाब सिंह नेगी जी (विभाग संघ संचालक, टिहरी क्षेत्र); श्री स्वप्निल जी (आई.पी.एस, नोएडा); डॉ रमेश चंद्र सिंह पंवार जी (सीएमओ, उत्तरकाशी); श्री रजनीकांत सेमवाल जी (स्थानीय लोक गायक) रहे। इसके अतिरिक्त उत्तरकाशी जिला चिकित्सालय के कई चिकित्सक, 125 से अधिक संत, स्थानीय नागरिक एवं SVHM टीम के सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# तिमाही विशेष

## 2 अप्रैल "छठा स्थापना दिवस समारोह" नारायणकोटी



मुख्य अतिथि दीप प्रज्जवलित करते हुए

इस वर्ष 2 अप्रैल को नारायणकोटी चिकित्सालय का छठा स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, इनमें प्रमुख रूप से अधोलिखित नाम रहे:

श्री गंगाधर लिंगम (कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व मुख्य पुजारी- श्री केदारनाथ धाम मन्दिर); डॉ एच.सी.एस. मर्तोलिया (सीएमओ, रुद्रप्रयाग); श्री दीवान सिंह राणा (तहसीलदार, ऊखीमठ); डॉ प्रवीण कुमार रेड्डी (निदेशक, हरिद्वार चिकित्सालय) एवं श्री भजन सिंह खत्री (सह संघचालक- जिला रुद्रप्रयाग और चमोली)।

चिकित्सालय की इन्चार्ज डॉ पूर्वी द्वारा नारायणकोटी चिकित्सालय की 6 वर्ष की सेवा यात्रा पर एक प्रस्तुति भी दिखाई गई। मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम और अतिथियों के प्रेरणादायक संबोधनों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## 7-9 अप्रैल "राष्ट्रीय सेवा संगम में SVHM की भागीदारी" जयपुर

इस वर्ष 7 - 9 अप्रैल को राष्ट्रीय सेवा संगम का पंचवार्षिक समागम जयपुर में आयोजित की गई।

इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य एक समरस, सक्षम, स्वावलंबी समाज की रचना और एक समृद्ध भारत का निर्माण करना था। इसमें राष्ट्रीय सेवा भारती से जुड़े विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों में एक समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ने का प्रयास करने का उद्देश्य था।

सोसाइटी ने इस समागम में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अनेक पोस्टर और प्रकाशनों का प्रदर्शन किया, और हमारे स्टॉल पर भारी भीड़ उमड़ी।

हमारी संस्था के धर्मार्थ प्रयासों और सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए अनेक प्रतिनिधियों ने स्टाल पर संपर्क किया।





राष्ट्रीय सेवा संगम में SVHM स्टॉल

## 19 अप्रैल "AIIMS, दिल्ली द्वारा SVHM सोसाइटी को विशिष्ट आमंत्रण" दिल्ली



SVHM टीम के साथ AIIMS दिल्ली की टीम



डॉ चंदन कार्यशाला में व्याख्यान देते हुए

सोसाइटी को AIIMS दिल्ली द्वारा दो संस्थानों के बीच सहयोग की संभावनाओं पर विचार विमर्श करने तथा सोसाइटी के high altitude रोगों में उनके अनुभवों को साझा करने के उद्देश्य से एक बैठक का आयोजन हुआ। इसमें चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों में अत्यधिक उचाई से सम्बंधित व अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के उपचार में अपने अनुभव, तकनीकी जानकारी और कौशल को साझा किया गया। सोसाइटी उत्तराखण्ड राज्य के चारधामों में से तीन में पूरी तरह से नि:शुल्क धर्मार्थ, ICU सुसज्जित,चिकित्सालय चला रही है। इस सेमिनार में सोसाइटी के चिकित्सालयों की टीम रही व AIIMS (दिल्ली) की ओर से प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ के पी कोचर और अन्य एम्स संकाय के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यशाला का आयोजन फिजियोलॉजी विभाग द्वारा किया गया।

# तिमाही विशेष

## "SVHM चिकित्सालयों में हैल्थ ATM मशीनें स्थापित की गई"

इस वर्ष सोसाइटी के 8 चिकित्सालयों में हैल्थ एटीएम मशीनें लगाई गईं जिनमे धर्मावाला, हरिद्वार, पीपलकोटी, नारायणकोटी, बड़कोट, उत्तरकाशी, पेटशाल एवं श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय शामिल रहे।

ये सभी मशीनें महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (उत्तराखण्ड) के माध्यम से उपलब्ध करायी गयी।

हैल्थ एटीएम एक टच-स्क्रीन कियोस्क हार्डवेयर है जिसे स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के लिए बनाया गया है।

इस मशीन के द्वारा लम्बाई, वजन, तापमान, हीमोग्लोबिन, शुगर, ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन और नाड़ी माप, लिपिड प्रोफ़ाइल परीक्षण, ईसीजी, नेत्र परीक्षण, अल्कोहल परीक्षण, ईएनटी और त्वचा जाँच, आईक्यू टेस्ट आदि किये जा सकते हैं।

उत्तरकाशी



बड़कोट



हैल्थ एटीएम के द्वारा तीर्थ यात्रियों की जाँच

11 मई

## "नेशनल टी.बी. एलिमिनेशन प्रोग्राम (NTEP) पोषाहार वितरण कार्यक्रम"

धर्मावाला






"द हंस फाउंडेशन" द्वारा धर्मावाला से चिकित्सा ले रहे TB रोगियों को निःशुल्क पोषाहार वितरित किया गया

15 मई

## "एक्स रे सुविधा का शुभारंभ"

दिल्ली



डॉ सत्यनारायण, रेडियोलॉजिस्ट द्वारा प्रशिक्षण सत्र



एक्स-रे सुविधा

# तिमाही विशेष

## 3- 4 जून "SVHM वार्षिक परिवार मिलन" हरिद्वार

सोसाइटी ने तीन वर्षों के अंतराल के बाद पवित्र नगरी हरिद्वार में एक यादगार पारिवारिक मंगलमिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य अपने सदस्यों को एक साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने, बाहर घूमने और मेलजोल बढाने का अवसर प्रदान करना था। सदस्यों ने आराम का अनुभव किया, सहज हुए और रोगियों, जरूरतमंदों और गरीबों की सेवा करने के मार्ग पर आगे बढ़ने हेतु पुनः ऊर्जावान हो गए। इस आयोजन का सर्वोच्च क्षण डॉ. कृष्ण गोपाल जी द्वारा एक प्रेरक संबोधन था, जिन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर हमारा मार्गदर्शन किया और आगे भी समर्पित सेवा भाव से कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।






SVHM परिवार



अभिमुखीकरण (Orientation) सत्र



पवित्र गंगा नदी के तट पर योग सत्र



हर की पौड़ी पर गंगा आरती के दौरान आत्मिक अनुभव के क्षण

## 14 जून "नेत्र रोग एवं फिजियोथेरेपी विभाग का उद्घाटन" उत्तरकाशी





दोनों विभागों का उद्घाटन पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ पूज्य संत बोधानंद जी महाराज एवं पूज्य संत गंभीरानंद जी महाराज की पवित्र उपस्थिति में किया गया।

# चार धाम सेवाएँ

## "अतिथि विशेष"

22 अप्रैल — गंगोत्री धाम



श्री पुष्कर सिंह धामी जी
(माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड)

11 जून — श्री बद्रीनाथ धाम



डॉ धन सिंह रावत जी
(माननीय स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखण्ड)

18 मई — गंगोत्री धाम



लेफ्टिनेंट जनरल एम के दास, PVSM, SM**, VSM जनरल ऑफिसर कमांडिंग मध्य भारत क्षेत्र;
कर्नल राज मलिक और कैप्टन रोमेश 11 JAK LI भारतीय सेना

28 मई — गंगोत्री धाम



स्वामी सुनील कौशल महाराज जी, वृन्दावन

29 अप्रैल — श्री बद्रीनाथ धाम



डॉ शैलेन्द्र जी, प्रान्त प्रचारक, उत्तराखण्ड

# चार धाम सेवाएँ

## श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय में डॉक्टरों की स्वैच्छिक सेवाएँ

मानवता की सेवा करने और अपने परोपकारी लक्ष्यों को साकार करने का उत्साह इन अद्भुत मनुष्यों को हमारे धाम चिकित्सालयों की ओर ले कर आया। इन्हें धन या प्रसिद्धि की कोई महत्वाकांक्षा नहीं थी। इन महान आत्माओं ने तीर्थयात्रियों की सेवा पूर्ण समर्पण, विशेषज्ञता और निपुणता से की, और अगले वर्ष फिर से सेवा करने के लिए आने की उत्कृष्ट इच्छा के साथ रवाना हुए, और हमारे ध्येय वाक्य "नर सेवा नारायण सेवा" के ध्वजवाहक बने।



डॉ विश्वजीत बेम्बी,
फिजिशियन, मेरठ
(23 अप्रैल से 10 मई)



दाएं से बाएं: डॉ हिमालय गर्ग, फिजिशियन, जोधपुर (9 मई से 21 जुलाई); डॉ मनोज गौड़, कार्डियोलॉजिस्ट, दिल्ली (6 से 12 मई)



डॉ बीना कांबले,
फिजिशियन, पुणे
(10 से 24 मई)



डॉ आशीष कुमार दीक्षित,
फार्माकोलॉजी, लखनऊ
(10 से 24 मई)



लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) डॉ राधाकांत नाथ,
फिजिशियन, रोहतक, हरियाणा
(24 मई - 4 जून)



डॉ जे वेंकट गोपी,
फिजिशियन, तेलंगाना, हैदराबाद
(4 - 10 जून)



डॉ बी के सिंह,
बाल रोग विशेषज्ञ, नई दिल्ली
(14 से 31 जून)



डॉ राघव राम सुकुल,
नेत्र रोग सर्जन, लखनऊ
(14 से 31 जून)



डॉ श्रीकांत एस, जो की SVHM व AIIMS ऋषिकेश के collaboration के तहत DM (High Altitude Medicine) कर रहे हैं

# चार धाम सेवाएँ

## श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय में डॉक्टरों की स्वैच्छिक सेवाएँ



डॉ प्रिंस गोयल,
फिजिशियन, जींद, हरियाणा
(29 अप्रैल से 13 मई)



डॉ साईं कृष्ण तुलसी,
फिजिशियन, मल्कजगिरी, तेलंगाना
(30 अप्रैल से 14 मई)



डॉ गौतम कुमार,
एनेस्थेटिस्ट, नई दिल्ली
(17 से 28 मई)



डॉ योगेश सिंघल,
ईएनटी सर्जन, मोदीनगर
(11 से 21 जून)



डॉ सौरभ गुप्ता,
फिजिशियन, मोदीनगर
(11 से 21 जून)



डॉ सन्तोष मिश्रा,
ऑर्थोपेडिक सर्जन, मोदीनगर
(11 से 21 जून)



डॉ जीधू राधा कृष्णा,
इमरजेंसी विशेषज्ञ, KMC मणिपाल, मैंगलोर
(31 मई से 14 जून)



डॉ अजय शोरान,
ऑर्थोपेडिक सर्जन, हरियाणा
(19 जून - 1 जुलाई)

# चार धाम सेवाएँ

**हमारे पूर्णतः निःशुल्क धाम चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त कुछ अन्य निःशुल्क सेवाएं भी सम्मिलित हैं जिनमें है कंबलों का वितरण, हीटर और अलाव की व्यवस्था, रेनकोट व चप्पलों का वितरण तथा गर्म चाय और बिस्कुट।**

4000+ प्रोटीन बार

5145 कम्बल

3586 बिस्किट पैकेट

1278 चप्पलों की जोड़ी

132 रेनकोट




प्रोटीन बार



कम्बल



रेनकोट, बिस्कुट, चाय एवं हीटर/अँगीठी

**विशेष धन्यवाद:** एक अतुल्य कार्य में बैग्रीज़ इंडिया ग्रुप ने 141 boxes दान किए जिनमें करीब 40000 से अधिक प्रोटीन बार, शक्तिवर्धक फल, मेवे और मूसली बार आदि शामिल थे। ये सभी सामग्री स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, श्री केदारनाथ धाम के रोगियों व पवित्र मंदिर की यात्रा के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए दिए गए ।

## चार धाम स्टाफ का नया परिधान




श्री केदारनाथ धाम




श्री बद्रीनाथ धाम




गंगोत्री धाम

| अप्रैल-जून 2023 | कुल पंजीकरण | कुल इमरजेंसी | कुल एक्स रे | कुल लैब टेस्ट |
|---|---|---|---|---|
| श्री केदारनाथ धाम (24 अप्रैल से) | 55,743 | 9,271 | 256 | 1,509 |
| श्री बद्रीनाथ धाम (27 अप्रैल से) | 11,052 | 726 | 398 | 3,365 |
| गंगोत्री धाम (22 अप्रैल से) | 7,667 | 1,183 | 86 | 638 |
| कुल | 74,462 | 11,171 | 740 | 5,512 |

# चार धाम सेवाएँ

## श्री केदारनाथ धाम में सोसाइटी के नए चिकित्सालय का निर्माण कार्य प्रारंभ

12 अप्रैल

श्री केदारनाथ धाम



श्री केदारनाथ धाम में प्रस्तावित नये चिकित्सालय का भूमिपूजन



प्रस्तावित नये श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय का प्रारूप

सोसाइटी श्री केदारनाथ धाम में गत 4 वर्षों से ICU युक्त पूर्णतः निःशुल्क चिकित्सालय चला रही है और अकेले पिछले वर्ष 1,13,000 से अधिक रोगियों का उपचार किया। वर्तमान चिकित्सालय 8 बेड का है और सीमित स्थान व अभाव के चलते, प्रतिदिन औसतन 1000 तीर्थयात्रियों की बड़ी संख्या की देखभाल करने में कठिनाई का सामना कर रहा है। इस समस्या को दूर करने के उद्देश्य से एक 50 बेड वाला उन्नत चिकित्सालय का निर्माण किया जा रहा है जिसमे तीर्थयात्रियों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सोसाइटी ने इस चिकित्सालय के लिए भूमि खरीद ली है और निर्माण कार्य शुरू भी हो गया है। इसी प्रकार श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय का भी विस्तार चल रहा है और जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा।

SCAN & PAY

कृपया इस पुनीत कार्य के लिए दान देकर सहयोग करें

DONATE

## कुछ कहानियाँ सफलता और अभिमान की



श्री केदारनाथ धाम

- श्री प्रफुल्ल सिंह, मूर्तिकार, मुंबई जो की श्री केदारनाथ धाम में 60 क्विंटल ॐ स्थापित करने आए थे।

प्रतिक्रिया सुने

रोगी का अनुभव

https://www.youtube.com/watch?v=32L7RIeonBw



श्री बद्रीनाथ धाम

- श्रीमती निर्मला देवी और नीरज पोद्दार, सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल

प्रतिक्रिया सुने

रोगी का अनुभव

https://www.youtube.com/watch?v=rVWIH6PZrDc



गंगोत्री धाम

- श्री अशोक भारद्वाज, गाज़ियाबाद

प्रतिक्रिया सुने

रोगी का अनुभव

https://youtu.be/LinanVQqGOo

# प्रवास विशेष

2 अप्रैल — हरिद्वार



लेफ्टिनेंट जनरल नितिन कोहली जी PVSM एवं पूर्व सिग्नल ऑफिसर-इन-चीफ

13 अप्रैल — नारायणकोटी




नारायणकोटी केंद्र को श्री तरूण विजय जी (पूर्व राज्यसभा सांसद) के स्वागत सत्कार का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

7 अप्रैल — हरिद्वार



डॉ मनीष दत्त जी, सी.एम.ओ., हरिद्वार

16 अप्रैल — धर्मावाला



डॉ जितेंद्र सिंह नेगी, संयुक्त निदेशक, स्वास्थ्य विभाग, उत्तराखण्ड अपनी पत्नी श्रीमती रुचिता नेगी के साथ

29 अप्रैल — पीपलकोटी



12 मई — धर्मावाला



डॉ शैलेन्द्र जी, प्रांत प्रचारक उत्तराखण्ड एवं अन्य गणमान्यजन

# धर्मावाला - अति विशिष्ट मेगा शिविर

## 22 अप्रैल | द स्पाइन फाउंडेशन, मुंबई द्वारा तीसरा स्पाइन सर्जरी शिविर आयोजित किया गया | सर्जरी: 7



द स्पाइन फाउंडेशन टीम धर्मावाला डॉक्टर्स के साथ



स्पाइन का ऑपरेशन

द स्पाइन फाउंडेशन (TSF) की टीम में डॉ शेखर वाई भोजराज, श्रीमती अर्चना भोजराज, डॉ तरुष रुस्तगी (इंडियन स्पाइनल इंजरी इंस्टीट्यूट, दिल्ली से), डॉ हर्षित दवे, डॉ शिव कुमार, डॉ दीपेंद्र तोमर (ऋषिकेश), डॉ डिंपल और श्री महेश पालन सम्मिलित थे। स्थानीय टीम में डॉ सी बी वर्मा, डॉ अभिषेक गुप्ता, डॉ तेजस्वी अग्रवाल और डॉ अंकित वर्मा सम्मिलित थे।

## 24 अप्रैल | USI (यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया) और NZUSI (यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का नॉर्थ जोन चैप्टर) द्वारा यूरोलॉजी एवं जनरल सर्जरी शिविर आयोजित किया गया | सर्जरी: 11





USI-केयर्स और NZUSI-केयर्स सोशल पहल के रूप में आयोजित शिविर में प्रतिष्ठित लोगों की भागीदारी रही। इस यूरोलॉजी एवं जनरल सर्जरी शिविर का उद्घाटन डॉ अरविंद ममगाईं (न्यूरोसर्जन), डॉ शैलेन्द्र गोयल (यूरोलॉजिस्ट और कोषाध्यक्ष, NZUSI) और डॉ अनुज सिंघल (सचिव, SVHM) ने किया। शिविर में भाग लेने वाले अन्य डॉक्टरों में डॉ ललित भाई शाह (USI के नवनिर्वाचित अध्यक्ष), डॉ देवेन्द्र शर्मा (जयपुर), डॉ सुभाष यादव (मेरठ), डॉ शलभ अग्रवाल (गाज़ियाबाद) और डॉ बृजमोहन जोशी (दिल्ली) रहे, जिन्होंने शिविर में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## 27 मई | ASI (द एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया) और UPASI (उत्तर प्रदेश चैप्टर एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया) टीम द्वारा नि:शुल्क सर्जरी शिविर आयोजित किया गया। | सर्जरी: 30



ASI के अध्यक्ष डॉ संजय जैन ने दीप प्रज्ज्वलित किया




धर्मावाला टीम के साथ ASI और UPASI टीम

मुख्य गणमान्यजन : डॉ संजय जैन (अध्यक्ष, ASI); डॉ प्रोबाल नियोगी (उपाध्यक्ष, ASI और अध्यक्ष, UPASI); डॉ डी. मारुथु पांडियन (निदेशक, सामाजिक सेवा, ASI) और डॉ अनुज सिंघल (सचिव, SVHM सोसाइटी)। अन्य ASI और UPASI टीम के उपस्थित सदस्य थे: डॉ निखिल (सचिव, UPASI); डॉ विनम्र मित्तल (संयुक्त सचिव, UPASI); डॉ अंशिका (एग्जीक्यूटिव सदस्य, UPASI); डॉ जे पी शर्मा (निकटस्थ पूर्व अध्यक्ष और एग्जीक्यूटिव सदस्य, ASI); डॉ आर श्रीनिवास कुमार, डॉ एस कार्तिकेयन। डॉ अनुज सिंघल ने ASI और UPASI टीम के सभी सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया जिसमे फूल, सोसाइटी का कैलेंडर एवं वार्षिक newsletter भेंट किये गए। ASI और UPASI ने भी धर्मावाला चिकित्सालय के सर्जन, ओटी और नर्सिंग स्टाफ को प्रशंसा प्रतीक के रूप में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन डॉ प्रशांत लवानिया द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# सर्जरी शिविर

26 अप्रैल

## शिविर: 1; सर्जरी: 2

नारायणकोटी





डॉ राकेश त्यागी,SVHM अध्यक्ष व एनेस्थेटिस्ट; डॉ मयंक जैन, सीनियर लेप्रोस्कोपिक सर्जन; ऑर्थोपेडिक सर्जन: डॉ अतुल कुलश्रेष्ठ एवं डॉ योगेश बिंदल; गायनेकोलॉजिस्ट: डॉ अलका बिंदल एवं डॉ दिव्या जैन।

पेटशाल





## शिविर: 3; सर्जरी: 11



डॉ अजय अग्रवाल, लेप्रोस्कोपिक सर्जन और डॉ मनोरंजन पंत, एनेस्थेटिस्ट

## अपनी आहुति प्रदान करते हमारे चिकित्सक गण

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर (धर्मावाला और हरिद्वार)

**हार्ट एवं लंग ट्रांसप्लांट सर्जन**
- डॉ राहुल चंदोला

**कार्डियोलॉजिस्ट**
- डॉ महेंद्र कुमार

**यूरोलॉजिस्ट**
- डॉ प्रदीप देब
- डॉ विकास बंसल
- डॉ देवप्रिय मित्रा
- डॉ आशुतोष कुमार सिंह

**गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट**
- डॉ वागीश बी

**गायनेकोलॉजिस्ट**
- डॉ प्रियंका पटेल

**न्यूरोसर्जन**
- डॉ अरविंद ममगाईं
- डॉ मयंक अग्रवाल
- डॉ शरद पांडे

**न्यूरोलॉजिस्ट**
- डॉ आदित्य वार्ष्णेय
- डॉ मुकेश कुमार झा

**ऑर्थोपेडिक सर्जन**
- डॉ नवीन अग्रोही
- डॉ प्रियांक अग्रवाल
- डॉ सर्वेश पांडे

**ईएनटी सर्जन**
- डॉ एस पी सिंह

**फिजिशियन**
- डॉ एस के बख्शी
- डॉ यू एन गुप्ता
- डॉ मोतीलाल नेगी

**त्वचा रोग विशेषज्ञ**
- डॉ यतिंदर नागयान
- डॉ आलोक कुमार
- डॉ राहुल अहार

**मनोचिकित्सक**
- डॉ सागर लवानिया

**सीनियर रिसर्च एसोसिएट**
- डॉ कैलाश चंदोला

धर्मावाला



पंजीकरण की पंक्ति

**शिविर: 6**

**सर्जरी: 56 (यूरो: 52)**

**लाभार्थी: 2,377**

धर्मावाला




**शिविर: 9**

**लाभार्थी: 1592**

हरिद्वार



# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

**पेटशाल**

**शिविर: 2**

**लाभार्थी: 263**



डॉ कुमकुम वत्स, गायनेकोलॉजिस्ट



डॉ शरद पांडे, न्यूरोसर्जन



डॉ अविनाश कुलकर्णी,
बाल रोग विशेषज्ञ



डॉ नीलांबर भट्ट,
फिजिशियन एवं डायबेटोलॉजिस्ट



डॉ पवन कुमार सिंह, नेत्र रोग सर्जन



डॉ प्रियांक गोयल, नेत्र रोग सर्जन



डॉ कार्तिक भट्ट, फिजिशियन



डॉ अनिल पांडे, डेंटल सर्जन

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

उत्तरकाशी

शिविर: 3

लाभार्थी: 585



डॉ अनिल भट्ट,
नेफ्रोलॉजिस्ट



डॉ आदित्य कोठा,
नेफ्रोलॉजिस्ट



डॉ शिप्रा प्रजापति,
नेफ्रोलॉजिस्ट



डॉ आशुतोष मिश्र,
कार्डियोलॉजिस्ट



डॉ अमित श्रीवास्तव, न्यूरोलॉजिस्ट



डॉ वंदना सिंह, ईएनटी सर्जन



डॉ संजय गुप्ता, बाल रोग विशेषज्ञ



डॉ अभिजीत सिंह,
ऑर्थोपेडिक सर्जन



डॉ गौरव राठौड़,
ऑर्थोपेडिक सर्जन



डॉ नकुल कुमार उपाध्याय,
त्वचा रोग विशेषज्ञ



डॉ रमेश चन्द्र दीक्षित,
टीबी एवं चेस्ट फिजिशियन



डॉ देवनन्दा चौधरी,
गायनेकोलॉजिस्ट



डॉ वंदना मिश्र,
गायनेकोलॉजिस्ट

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

दिल्ली

**शिविर: 19**

**लाभार्थी: 287**



डॉ नीलेश आर जाधव,
न्यूरोलॉजिस्ट




डॉ सुमेध,
ऑर्थोपेडिक सर्जन



डॉ मोहित सिंह,
ऑर्थोपेडिक सर्जन



डॉ सर्वेश पांडे,
ऑर्थोपेडिक सर्जन



डॉ यश दीक्षित,
ऑर्थोपेडिक सर्जन



डॉ निखिल तिवारी,
ऑर्थोपेडिक सर्जन



डॉ विनिका निमोदिया,
गायनेकोलॉजिस्ट



डॉ शिवानी त्रिपाठी,
गायनेकोलॉजिस्ट



डॉ संगीता कुमारी,
गायनेकोलॉजिस्ट



डॉ गुंजन मल्होत्रा,
गायनेकोलॉजिस्ट



डॉ मानसी एन देशमुख,
त्वचा रोग विशेषज्ञ



शिवानी यादव,
साइकोलोजिस्ट

# सामुदायिक चिकित्सा शिविर

**शिविर: 96**

**लाभार्थी: 4859**



दिल्ली



धर्मावाला



हरिद्वार




पीपलकोटी




उत्तरकाशी




पेटशाल



स्पाइन कैंप - नारायणकोटी





दंत चिकित्सा शिविर - पेटशाल

# सामुदायिक कार्यक्रम

## सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजनाएँ

### एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपचार कार्यक्रम

- घरों का विजिट: 650
- फॉलो अप विजिट: 909
  - [नियमित: 764 (84%);
  - अनियमित: 138 (15%);
  - ड्रॉप आउट: 7(1%)



फॉलो अप विजिट एवं परामर्श सत्र

### माई पैड (मासिक धर्म स्वच्छता) कार्यक्रम

- घरों का विजिट: 1,988
- फॉलो अप विजिट: 2,659
- लाभार्थी: 1,004
- पैकेट आँकड़े (6 पैड/पैकेट)
  - फील्ड में वितरित पैकेट: 2,979 (17,874)
  - कार्यक्रम के अंतर्गत वितरित पैकेट: 3,929 (23,574)
  - कुल वितरित पैकेट: 6,908 (41,448)



फॉलो अप विजिट एवं परामर्श सत्र

### किशोरियों के लिए परामर्श सत्र



सत्र चलते हुए

सोसाइटी मासिक धर्म स्वच्छता, और स्तन व ग्रीवा कैंसर की जाँच एवं रोकथाम पर जागरूकता सत्रों का नियमित रूप से आयोजन करती है जिनका संचालन डॉ ताराश्री सिंघल (धर्मावाला चिकित्सालय) की देखरेख में होता है। ऐसा ही एक सत्र वनवासी कल्याण आश्रम (सरस्वती विद्या मंदिर, बाबूगढ़, विकासनगर) की संचालिकाओं के लिए अदुवा किया गया था।

प्रतिभागी: 385
पैकेट वितरित: 750



पैकेट वितरण

## बाल गोकुलम (बच्चों का साप्ताहिक संस्कार कार्यक्रम)



बड़कोट



पेटशाल



धर्मावाला



हरिद्वार



नारायणकोटी

सोसाइटी नियमित रूप से बाल गोकुलम का आयोजन करती है जो बच्चों में सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को विकसित करने की एक पहल है। इनमे SVHM चिकित्सालयों के आसपास रहने वाले तथा आसपास के गाँव के बच्चे शामिल किए जाते हैं। बाल गोकुलम की गतिविधियों में मनोरंजक खेल, श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का पाठ, पंचतंत्र से कथा वाचन और योग आदि शामिल हैं।

# समारोह

12 मई
धर्मावाला



अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस

2 जून
धर्मावाला



हिंदू साम्राज्य दिवस

21 जून

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस



धर्मावाला



हरिद्वार



उत्तरकाशी



बड़कोट



पेटशाल



पीपलकोटी



नारायणकोटी





श्री बद्रीनाथ धाम




गंगोत्री धाम

# आंकड़े




| चिकित्सालय | सर्जरी (514) | |
|---|---|---|
| | मेजर | माइनर |
| धर्मावाला | 286 | 135 |
| नारायणकोटी | 2 | 22 |
| बड़कोट | 0 | 2 |
| पेटशाल | 8 | 0 |
| हरिद्वार | 49 | 10 |
| कुल | 345 | 169 |

सर्जरी में शामिल हैं: सामान्य, महिला रोग, यूरो, स्पाइन, ई.एन.टी., ऑर्थो, मैक्सिलो-फेशियल और नेत्र सर्जरी।

| सुविधाएँ | धर्मावाला | हरिद्वार | कुल |
|---|---|---|---|
| सी टी स्कैन | 935 | NA | 935 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 131 | 34 | 165 |
| एंडोस्कोपी | 134 | NA | 134 |
| ऑडियोमेट्री | 52 | NA | 52 |
| स्पाईरोमेट्री | 61 | 21 | 82 |
| इको | 115 | 17 | 132 |

| चिकित्सालय | लैब टेस्ट | इमरजेंसी | एक्स – रे | ई सी जी | डेंटल |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 28798 | 680 | 4051 | 1010 | 1385 |
| उत्तरकाशी | 909 | 10 | 163 | 36 | 260 |
| नारायणकोटी | 2501 | 336 | 675 | 343 | 0 |
| बड़कोट | 1600 | 92 | 832 | 41 | 416 |
| पीपलकोटी | 2224 | 470 | 375 | 95 | 335 |
| बद्रीनाथ | 3365 | 726 | 398 | 422 | NA |
| पेटशाल | 2294 | 69 | 301 | 64 | 345 |
| केदारनाथ | 1509 | 9271 | 256 | 433 | NA |
| हरिद्वार | 10881 | 410 | 1138 | 714 | 2304 |
| गंगोत्री | 638 | 1183 | 86 | 53 | NA |
| दिल्ली | 3966 | 48 | 125 | 34 | 434 |
| डुमेट | 17 | NA | NA | NA | 1044 |
| कुल | 58,702 | 13,295 | 8,400 | 3,245 | 6,523 |

| 1,50,870 | 514 | 13,295 | 8,400 | 3,087 | 58,702 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स रे | अल्ट्रासाउंड | लैब टेस्ट |

नर सेवा

नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

**For Domestic Donations**

**Account details:**
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/C No: 32584491256
IFSC Code: SBIN0010626

**For Foreign Donations**

**Account details:**
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/c No. - 00000040181017724
IFSC Code- SBIN0000691
MICR - 110002087
Swift Code- SBININBB104

सभी दान आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80G के तहत कर-मुक्त हैं।

आपका अमूल्य दान एक वरदान




Contact us :

svhmuk@gmail.com


Visit us :

svhmuk.in

facebook.com/svhmu/

twitter.com/svhmuk/

instagram.com/svhmuk/

youtube.com/@swamivivekanandhealthmissi7701

## सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः



धर्मावाला, देहरादून



उत्तरकाशी, गंगोत्री मार्ग



नारायणकोटी, केदारनाथ मार्ग



बड़कोट, यमुनोत्री मार्ग



पीपलकोटी, बद्रीनाथ मार्ग



श्री बद्रीनाथ धाम



पेटशाल, जागेश्वर धाम मार्ग



श्री केदारनाथ धाम



हरिद्वार



गंगोत्री धाम



साधना केंद्र आश्रम, डुमेट, देहरादून



करोल बाग, दिल्ली


**Published by:** डॉ अनुज सिंघल, सचिव; **On behalf of:** स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी; **Published at:** B-207 पैसिफिक एस्टेट, अनुराग नर्सरी, कांवली रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड-28001;
**Printed at:** सरस्वती प्रेस, 2, ग्रीन पार्क, निरंजनपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड - 248001.